## एक नजर में

### श्री महालक्ष्मी मंदिर में कार्तिक मास में कांकडा आरती प्रारंभ

**खण्डवा।** विष्णुप्रिया माता लक्ष्मी को अतिप्रिय पवित्र कार्तिक मास में श्रीहरि विष्णु की आराधना के साथ पवित्र नदी तालाब में स्नान का महत्व है वहीं कार्तिक मास में दीपदान एवं कांकडा आरती का है।लाल चौकी स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में कार्तिक मास में 6 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक प्रात: 5 .30 बजे से एक माह तक कांकडा आरती की शुरूआत हो गई है।इस कांकडा आरती में श्रद्धालु महिलाएं प्रात: काल मंदिर में आरती में शामिल होती है।मंदिर पुजारी पं. बसंत महोदय ने कार्तिक मास की आरती का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान विष्णु को जागृत करने, भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा भरने और सामुदायिक एकता को बढावा देने में है।यह सुबह ब्रह्म मुहूर्त में की जाने वाली प्राचीन परंपरा है, जो भक्त को नकारात्मकता से दूर कर सकारात्मकता की ओर ले जाती है और सामाजिक-धार्मिक वातावरण बनाती है। काकडा आरती कार्तिक मास की एक महत्वपूर्ण परंपरा है जो आध्यात्मिक,सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर लाभ पहुंचाती है। ट्रस्टी शैलेष पालीवाल ने बताया कि ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल,सचिव राकेश झंवर,मधुकांता खण्डेलवाल,लखन नागौरी,गुरमीतसिंह उबेजा,अखिलेश गुप्ता,डॉ.दिलीप हिन्दूजा,आनंद गुप्ता, चंद्रशेखर मिश्रा,राकेश शुक्ला,दीपक पालीवाल,राकेश पालीवाल,अलकेश गुप्ता,मंगलेश उपाध्याय,संतोष यादव ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से कांकडा आरती में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### भावनाओं से नहीं, जिम्मेदारी से निर्णय लेने की दी प्रेरणा



**खंडवा।** बिहार के प्रसिद्ध शिक्षा नगरी नालंदा (बिहार) के दो नाबालिग छात्र-छात्रा,जो विवाह करने के उद्देश्य से इंदौर के लिए घर से निकले थे, गलत ट्रेन में बैठ जाने से खंडवा पहुँच गए।नाबालिग बालक कक्षा 10वीं और नाबालिग बालिका कक्षा 11वीं की छात्रा हैं। खंडवा पहुँचने के बाद बालक ने अद्भुत समझदारी का परिचय देते हुए स्वयं आगे बढ़कर जीआरपी थाना खंडवा पहुँचकर खुद को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस जिम्मेदारीपूर्ण कदम की सराहना करते हुए न्यायपीठ बाल कल्याण समिति खंडवा ने दोनों को अपने संरक्षण में लिया और मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए तुरंत काउंसलिंग करवाई।समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में की गई काउंसलिंग में बच्चों को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सही निर्णय के महत्व को समझाया गया। दोनों ने समिति के समक्ष कहा कि वे बालिग होने के बाद ही विवाह करेंगे,जिससे उनका भविष्य सुरक्षित और सशक्त बन सके। प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में समिति का यह कदम अत्यंत सराहनीय रहा।अध्यक्ष शर्मा ने बच्चों को प्रेमपूर्वक समझाकर सही दिशा में प्रेरित किया। उनके साथ समिति के सदस्य मोहन मालवीय,रुचि पाटिल,कविता पटेल और स्वप्निल जैन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।काउंसलिंग के बाद दोनों नाबालिगों को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।इस घटना ने समाज को यह सिखाया कि सच्ची समझदारी वही है, जो भावनाओं से नहीं, जिम्मेदारी से निर्णय ले।

### लियो व लायन्स क्लब खण्डवा ने की गुड टच बेड टच जागरूकता कार्यक्रम




**खंडवा।** बच्चों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।हम सब अपने परिवार, दोस्तों और शिक्षकों से प्यार और स्नेह चाहते हैं। लेकिन कभी-कभी कोई व्यक्ति ऐसा व्यवहार करता है जिससे हमें असहज या डर महसूस होता है — वहीं से शुरू होता है बैड टच का खतरा।गुड टच वह होता है जो हमें प्यार,स्नेह और सुरक्षा का एहसास कराए — जैसे माँ का गले लगाना, पापा का सिर पर हाथ फेरना, या शिक्षक का पीठ थपथपाना जब हम अच्छा काम करें। यह हमें अच्छा,सुरक्षित और खुश महसूस कराता है।बैड टच वह होता है जो हमें डर,शर्म या असहजता महसूस कराए।अगर कोई बिना हमारी अनुमति के हमें गलत तरीके से छूने की कोशिश करे, या ऐसी जगह छुए जहाँ हमें अच्छा न लगे — तो वह बैड टच कहलाता है।अगर कभी कोई आपको गलत तरीके से छूए, या ऐसा कुछ करे जिससे आप डर जाएँ तो चुप मत रहिए!तुरंत मना कहिए,वहाँ से दूर जाइए,और तुरंत अपने माँ-पापा, शिक्षक या किसी भरोसेमंद बड़े व्यक्ति को बताइए। उपरोक्त उदगार लायन्स क्लब खण्डवा व लियो क्लब खण्डवा द्वारा सेवा सप्ताह के तहत पी एम श्री सूरजकुंड कन्या विद्यालय में आयोजित गुड टच बेड टच विषय पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए कहे।सेवा सप्ताह प्रभारी नारायण बाहेती ने बताया कि रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय व झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा के मार्गदर्शन में लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष आशा उपाध्याय,सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष पवन लाड़,लियो अध्यक्ष सुमित परिहार,सचिव शिवम जायसवाल ,कोषाध्यक्ष केतन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष आशा उपाध्याय ने बच्चों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। प्राचार्य संजय निम्भोरकर ने कहा कि लायंस क्लब के इस प्रकार के कार्य से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना जागृत होती है।नारायण बाहेती ने कहाकि यह शाला सभी शासकीय शालाओं में सर्वश्रेष्ठ है।शिक्षा के साथ अनुशासन,वातावरण व संस्कार सराहनीय है।प्राचार्य डॉ संजय निम्भोरकर, उप प्राचार्य शशि जायसवाल व मोना दफ्तरी का सम्मान पत्र से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शरद खंडेलवाल,हेमलता पालीवाल,पूजा अग्रवाल, प्रिया कारले,भावना महोदय,उमाशंकर उपाध्याय,अपूर्व उपाध्याय,सीमा बाथो का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नारायण बाहेती ने व आभार भावना महोदय ने माना।

### खंडवा से श्रद्धालु माधवनगर कटनी जाएंगे

**खंडवा।** मध्यप्रदेश का पावन तीर्थस्थल हरेमाधव धाम माधवनगर एक बार फिर आध्यात्मिक उत्सव का साक्षी बनने जा रहा है।आगामी 9 एवं 10 अक्टूबर को यहाँ आयोजित होने वाला हरेमाधव वर्सी पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा का परमात्मा से मिलन कहलाता है।इस पावन पर्व में खंडवा के साथ ही देश के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर सतगुरु साहिबान जी का पावन रूहानी दर्शन कर आत्मिक शान्ति का अनुभव करेंगे। यह जानकारी देते हुए हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति, माधव नगर कटनी शाखा खंडवा प्रमुख महेश फतवानी एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि यह पावन पर्व सतगुरु बाबा माधवशाह एवं सतगुरु बाबा नारायणशाह साहिब जी की पावन स्मृति को समर्पित है।वर्सी पर्व प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालु परम श्रद्धेय जीवनमुक्त सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी के सानिध्य में इस पावन पर्व रूहानी महोत्सव का लाभ उठाएंगे। श वास्तव में वर्सी पर्व केवल भक्ति का अवसर नहीं, बल्कि आत्मा के भीतर जागरण का संदेश है।यहाँ वर्सी पर्व आने वाले श्रद्धालु सेवा, सत्संग, सिमरन-ध्यान और भजन-बन्दगी में लीन होकर अपने जीवन को पवित्र और निर्मल बनाने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।जैसे तपकर सोना कुंदन बनता है, वैसे ही इस पर्व की साधना आत्मा को निखार देती है।श्रद्धालु सतगुरु की असीम कृपा, प्रेम और रहमतों का अनुभव कर आत्मिक तृप्ति पाते हैं। कटनी का माधव नगर इस दौरान भजन-बंदगी की स्वर लहरियों, सतगुरु वचनों की वाणी और नूर भरे दर्शन से गूंज उठेगा। निश्चित ही यह वर्सी पर्व हर श्रद्धालु के लिए एक अमूल्य सुअवसर होगा। आत्मा को भीतर से छू जाने वाला, जीवन को नई आध्यात्मिक दिशा देने वाला।

# दो दिन में 2 लाख श्रद्धालुओं ने सिंगाजी महाराज के किए दर्शन

*चारों तरफ रास्तों पर जाम समाधि तक आस्थावानों को पहुंचाने के लिए मशक्कत करते दिखी ट्रैफिक पुलिस,भक्तों को दर्शन करने के लिए करना पड़ा घंटों इंतजार*




**नवभारत न्यूज**

**बीड़,संदीप सोनी।** भोले-भाले निर्गुणी संत सिंगाजी महाराज की समाधि पर आस्थावानों का आगमन हर साल रिकॉर्ड तोड़ रहा है। इस बार 2 दिन में दो लाख लोगों ने दर्शन किए। इन्हें न कोई बुलाने जाता है, ना ही किसी तरह का प्रचार होता है। संत सिंगाजी में आस्था इतनी अधिक है, कि लोग अपने आप खिंचे चले आते हैं। सिंगाजी ने कई चमत्कार दिखाए, लेकिन उनके समाधिष्ट हो जाने के बाद। कभी उन्होंने खुद को महिमामंडित नहीं किया।

### बढ़ते गए श्रद्धाल बनती गई व्यवस्था

बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही दर्शन करने के लिए कतार में लग गए।दो दिनों में 2 लाख भक्तों ने दर्शन किए। संत सिंगाजी समाधि मार्ग पर भी पैदल चलने वाले व्यक्तियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।एप्रोच रोड चौड़ा होने के कारण श्रद्धालुओं को आने-जाने में ज्यादा दिक्कत नहीं उठानी पड़ी।

### पादुका की पंचामृत से महाभिषेक कर आरती

सोमवार सुबह 6 बजे संत सिंगाजी महाराज की पादुका को पांच अमृत से अभिषेक कर महा आरती की गई। वहीं इसके बाद हलवे का प्रसाद का वितरण दिनभर चलाते रहा। राज परिवार के निशान भानगढ़ से भी ले गए थे। ऐसे 500 से अधिक निशान संत सिंगाजी समाधि पर चढ़ाए गए।

### मेले में भी जुटी भीड़

दूरदराज से आए भक्तों ने संत सिंगाजी समाधि स्थल के दर्शन करके सिंगाजी मेले का लुफ्त भी उठाया। मेले में व्यंजनों का आनंद लिया। खरीदी भी जमकर की। बच्चों का घूमने का सिलसिला भी चला।

जगह-जगह पुलिस बल मौजूद होने से भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा।इस बार मेले में वाहनों को भी प्रबंध कर दिया गया।

### घाटों पर भी दिखी भीड़

प्रशासन द्वारा देवझिरी पर घाट बनाया गया, जिसमें स्नान करने के लिए भक्तों को चेंजिंग रूम सहित अन्य व्यवस्था दी गई। यहां पर लाखों की संख्या में स्नान करने का दौर सुबह से शाम तक चलता रहा। मंदिर परिसर में दर्शन करने के लिए लंबी कतारें लगीं। भक्तों ने देसी घी भी चढ़ाया।



### मंत्री शाह परिवार सहित निशान लेकर पहुंचे

सोमवार सुबह मंत्री विजय शाह, उनकी पत्नी भावना शाह परिवार सहित निशान लेकर संत सिंगाजी समाधि स्थल पहुंचे। भाजपा महामंत्री संतोष सोनी भी मौजूद रहे। निशान चढ़ाकर वे रवाना हो गए।हर साल मंत्री विजय शाह संत सिंगाजी महाराज के चरण पादुका के दर्शन करने के लिए आते हैं।इस वर्ष भी परिवार के साथ पहुंचे।

### इंपैक्ट

1,00,000 नारियल
1500 लीटर देसी घी
500 निशान
300 अतिरिक्त पुलिस बल
50 पटवारी
100 अधिकारी कर्मचारी
500 स्वैच्छिक सेवक
20 नि:शुल्क भंडारे



### झाबुआ राजघराने के निशान के बाद शाम साढ़े पांच बजे महाआरती हुई

आस्थावान ढोल ढमाके के साथ निशान को लेकर संत सिंगाजी समाधि स्थल पहुंचे।यहां पर महंत रतन महाराज के द्वारा पूजा अर्चना की गई। मांधाता विधायक नारायण पटेल भी मौजूद रहे। निशान की चारों तरफ परिक्रमा कर मंदिर में बांध दिया गया।ये निशान अब पंचमी पर ही उतारे जाएंगे।राजघराने से आए लोगों ने बताया कि हम गुरु पूर्णिमा के दिन से निकले हैं।परिक्रमा के बाद महा आरती की गई।महंत द्वारा सिंगाजी महाराज की आरती उतारी गई।निशान को सुरक्षा के साथ लेकर आए।संत सिंगाजी महाराज की समाधि पर अर्पण किए गए।इस समय हजारों की संख्या में निशान के साथ श्रद्धालु पहुंचे।निशान आने से पहले संत सिंगाजी महाराज के मंदिर को साफ सफाई के लिए मंदिर बंद किया गया।आरती के पश्चात मंदिर के पट खोलकर भक्तों के दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया।

### तरीका अलग-अलग,आस्था एक!

सिंगाजी समाधि पर सुबह से ही निशान चढ़ाने की होड़ भक्तों में दिखी।कोई घर का बना घी लेकर पहुंचा था, तो किसी के हाथ में श्रद्धा के नारियल थे।सबके तरीके अलग, लेकिन विश्वास एक ही था।शाम को 6 बजे राजघराना झाबुआ जिले के निशान भी चढ़ाए गए।



# कुत्तों का टीकाकरण अभियान निगम ने तेज किया

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग्स के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं जन-जागरूकता हेतु श्वान टीकाकरण अभियान निरंतर रूप से संचालित कर रही है। शहर में रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम होगी। नागरिकों को पालतू एवं आवारा कुत्तों के टीकाकरण के महत्व से अवगत कराना है।**

वार्ड क्रमांक 3 सूरजकुंड एवं वार्ड क्रमांक 4 नीलकंठेश्वर क्षेत्र में श्वान टीकाकरण कार्य किया गया। इस दौरान 20 मेल डॉग एवं 10 फीमेल डॉग का वैक्सीनेशन किया। 5 डॉग्स को नसबंदी हेतु पकड़ा गया।

### बड़ी संस्था का मार्गदर्शन

श्वान टीकाकरण कार्य चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी फॉर ह्यूमन काइंड, भोपाल संस्था द्वारा अधिकृत डॉ. दुर्गेश यादव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। निगम द्वारा यह कार्य नागरिक सहयोग से चरणबद्ध तरीके से आगे भी जारी रहेगा।

### वैक्सीनेशन किया गया

साईंराम नगर एवं वार्ड क्रमांक 7 संत विनोबा भावे वार्ड में श्वान टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें 26 मेल डॉग एवं 21 फीमेल डॉग का वैक्सीनेशन किया गया। 5 डॉग्स को नसबंदी हेतु पकड़ा गया। अभियान के दौरान क्षेत्रीय एनिमल लवर्स का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आईईसी टीम द्वारा नागरिकों के बीच घर-घर जाकर टीकाकरण अभियान एवं फीडिंग पॉइंट से संबंधित जानकारी दी गई।




### चिन्हित जगह पर ही भोजन दें

लोगों को यह भी बताया गया कि चिन्हित फीडिंग पॉइंट्स पर ही स्ट्रीट डॉग्स को भोजन दिया जाए, ताकि स्वच्छता और सुरक्षा दोनों बनाए रखी जा सकें। वैक्सीनेशन के उपरांत प्रत्येक डॉग को विशेष कलर मार्किंग दी गई, जिससे उनकी पहचान आसानी से की जा सके और आगामी टीकाकरण या नसबंदी कार्य में सुविधा बनी रहे।

### सिंघई होंगे खंडवा के नए एसडीएम

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच नए सिरे से कार्य विभाजन किया है।जारी आदेश के अनुसार बजरंग बहादुर सिंह खंडवा शहर के लिए सिटी मजिस्ट्रेट होंगे। जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) खंडवा का प्रभार संयुक्त कलेक्टर ऋषि कुमार सिंघई को सौंपा गया है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे**

**खंडवा।** शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर आचार्य विद्यासागर महा मुनिराज समय सागर मुनिराज एवं पूज्य मां आर्यिका ज्ञानमती माताजी का जन्मोत्सव 7 अक्टूबर को मनाने जा रहे है।समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 7 अक्टूबर मंगलवार को चंद्रमा की पूर्णिमा की चांदनी रात के बीच बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में शाम 7 .00 बजे से धार्मिक गरबा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं धार्मिक म्यूजिकल तंबोला एवं शरद पूर्णिमा की चांदनी में दूध की प्रसादी का आयोजन खंडेलवाल दिगंबर जैन ट्रस्ट मंडल के द्वारा आयोजित किया गया है। समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया ने सभी सामाजिक बंधुओ से शरद पूर्णिमा के पावन शुभ भक्ति के रंग में रंगने के लिए उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# गायक किशोर दा,लताजी को 12 घंटे गीत गाकर गायको ने दी स्वरांजली

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** स्वरांजलि कराओके म्यूजिकल ग्रुप,खंडवा के तत्वाधान में कराओके ट्रैक पर गायन का कार्यक्रम 5 अक्टूबर को माणिक्य वाचनालय में शानदार गीतो के साथ संपन्न हुआ जिसमे गायकों एवम गायिकाओं द्वारा 12 घंटे की शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

**स्वरांजलि कराओके म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा सभी गायको को दिए गए प्रमाण पत्र**

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की किशोर दा की पुण्यतिथि के पूर्व उनके पुश्तैनी मकान के पास माणिक्य वाचनालय में गायक कलाकारों ने प्रमुख गीतों में हम बंजारों की बात तेरे इश्क़ का मुझ पर ये लाल रंग, तेरे चेहरे में वो जादु हें, पल पल दील के पास गुलाबी आखे जो तेरी देखी संजय पूर्वे,भावना छाबड़िया एवम रोशनी पहलवान द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। अन्य कलाकारों में प्रमुख गायत्री स्वामी, श्वेता हरिसखी,रवि झंकार, प्रवीण सिराले, अमर गाठे राजिक मेनन द्वारा बेहतरीन गायिकी के गीतों की प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम में सम्मलित सभी गायकों को संस्था के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।प्रशस्ति पत्र पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अंकित कुमार एवं समाजसेवी सुनील जैन के हाथों प्रदान किये गए।संगीत ही हमारा जीवन है इसी उद्देश्य पर कार्य करते हुए संस्था ने बहुत ही शानदार आयोजन किया गया इसके लिए संस्था के संचालक गजानंद धात्रक ने संगीत कार्यक्रम की परंपरा को आगे बढ़ाने में एक शानदार पहल की है इसके लिए संचालक धन्यवाद के पात्र है जिन्होंने एक शानदार आयोजन कर संगीत प्रेमियों में उत्साह और हर्ष का सृजन किया है।

कार्यक्रम का संचालन श्वेता हरिसखी द्वारा किया गया एवम कार्यक्रम में सम्मलित सभी गायकों एवम संगीत प्रेमियों का रवि नीरज फनकार द्वारा आभार व्यक्त किया।

**शोक संवेदना** | **पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद के लिए किया आश्वस्त**

# अर्चना चिटनिस ने मृतकों के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की



**नवभारत न्यूज**

**पंधाना, प्रदीप मालवीय।** विजयदशमी के दिन ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलट जाने से उस गंभीर हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें 5 बच्चे भी शामिल थे। घटना के बाद सोमवार को प्रदेश प्रवक्ता बुरहानपुर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस पंधाना विधानसभा के ग्राम पाडला फाटा पहुंचीं। उन्होंने परिजनों के साथ मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।

### सरकार पीड़ितों के साथ

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि सरकार आप सभी के साथ हैं। पीड़ित परिवारों की शासन से हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। मृत लोगों के परिजनों की पीड़ा सुनकर बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस रो पड़ीं।

### मन बहुत विचलित : चिटनिस

अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह बड़ी दुखद घटना है। जब जानकारी लगी तो मन बहुत दुखी हुआ और फिर आपसे मिलने आई। अर्चना चिटनिस ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि माताजी की विसर्जन यात्रा के दौरान हुए हृदयविदारक हादसे में 11 लोगों की दु:खद मृत्यु हो गई। आज मृतकों और घायलों के परिवारजनों से मुलाकात कर उनके दु:ख में सहभागी बनी। इस अत्यंत पीड़ादायक क्षण में ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोकसंतप्त परिवारों को संबल दें। पूरा क्षेत्र इस अपूरणीय क्षति से व्यथित है। हम सभी इस दु:ख की घड़ी में उनके साथ हैं।

### चिटनिस ने दुख व्यक्त किया

अर्चना चिटनिस ने खंडवा जिले की पंधाना विधानसभा के ग्राम अंजनगांव में विगत दिनों माताजी के विसर्जन के दौरान घटी दुखद घटना में मृतक रामदेव चौहान के निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की व शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही घायलों से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। श्रीमती चिटनिस ने कहा इस कठिन समय में हम सभी मृतक परिवार के साथ हैं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।



### कई जनप्रतिनिधि साथ थे

इस दौरान श्रीमती चिटनिस के साथ पंधाना विधायक छाया मोरे, खंडवा भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर,खंडवा महापौर अमृता अमर यादव, छैगांवमाखन जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्रसिंह सांवनेर,पंकज पुरनी, अमर यादव, भीकनगांव नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय महाजन, सुनील जैन, गुलाबसिंह वास्कले,उमेश मिश्रा, प्रियांशु चौरे,लल्ली बना, चंद्रपालसिंह तोमर, आनन्दसिंह चौहान,कृष्णपालसिंह राजावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।